दिनांक 15.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वतंत्रता दिवस के 71 वें वर्षगांठ पर निगम के मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया, एवं अपने कार्य के 25 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने सम्मानित किया। महापौर देवेन्द्र यादव आयुक्त के0एल0 चौहान ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आजादी में वीर सपुतों ने अपने प्राणों की आहुती दी है। प्रगतिशील भारत के लिए हमसब की भूमिका अहम है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता के तैल चित्र पर पुजा अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया। सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने जोन 04 शिवाजी नगर कार्यालय में ध्वजारोहण किया, एवं सभी जोन कार्यालय में जोन अध्यक्षों ने ध्वजारोहण कर अधिकारी, कर्मचारी को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में जातिवाद, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, और गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का सभी अधिकारी, कर्मचारियों को अतिथियों ने शपथ दिलवाया। तात्कालिन साडा एवं वर्तमान नगर निगम में लगातार अपनी 25 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले 124 अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पार्षद दीपक रावना, छोटेलाल चौधरी, एल्डरमेन शंकर लाल देवांगन, प्रमोद सिंग, रीना नैय्यर, सहित निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी